# समाहरणालय,मधुबनी (बिहार)
**Collectorate, Madhubani**

:-06276-222217(Off)
:-06276-222218(Res)/222209(Fax)

E-mail :- dm-madhubani.bih@nic.in
adm.rev.madhubani@gmail.com
Web:-http://madhubani.nic.in


(जिला राजस्व शाखा)

पत्र सं0–XX-02/2020-22 /जि0रा0

प्रेषक,

जिला पदाधिकारी,
मधुबनी।

सेवा मे,

आयुक्त,
दरभंगा प्रमण्डल, दरभंगा।

*मधुबनी, दिनांक ..........................*

विषय :– श्री संजय सरावगी, स0वि0स0/श्री रामप्रवेश राय, स0वि0स0/श्री जनक सिंह, स0वि0स0/श्री कृष्णनंदन पासवान, स0वि0स0/श्री अनिल कुमार, स0वि0स0 एवं श्री विनय कुमार चौधरी, स0वि0स0 से प्राप्त ध्यानाकर्षण से संबंधित उत्तर सामग्री का प्रेषण।

प्रसंग :– संयुक्त सचिव –सह– अपर विधि परामर्शी, विधि विभाग, बिहार पटना का पत्रांक–1255/जे0, दिनांक–05.03.2022

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में श्री संजय सरावगी, स0वि0स0/श्री रामप्रवेश राय, स0वि0स0/श्री जनक सिंह, स0वि0स0/श्री कृष्णनंदन पासवान, स0वि0स0/श्री अनिल कुमार, स0वि0स0 एवं श्री विनय कुमार चौधरी, स0वि0स0 से प्राप्त ध्यानाकर्षण से संबंधित प्रतिवेदन निम्न प्रकार है :–

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 1. माननीय सर्वोच्च न्यायालय के सिविल अपील संख्या–4850/2021 (ARISING OUT OF SLP (CIVIL) NO.-33675 OF 2017) के अनुसार कंडिका–27 में देश के सभी राज्यों के मठ/मंदिरों की परिसम्पत्तियों को किसी सेवादार को बेचने का अधिकार नहीं है, सेवादार हकदार नही है। सेवादार का नाम सिर्फ राजस्व विभाग के रिमार्क कॉलन में ही रह सकता है। इस संबंध में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का अनुपालन प्रतिवेदन। | इस कार्यालय का पत्रांक 2151/जि0रा0, दिनांक 01.12.2021 एवं स्मार सं0–509/जि0रा0, दिनांक 03.03.2022 के द्वारा मधुबनी जिला के सभी अंचल अधिकारी को मठ/मंदिर का अतिक्रमण हटाने एवं सीमांकन कर पिलरिंग हेतु आदेश दिया जा चुका है। (छायाप्रति संलग्न) |
| 2. अपने अधीनस्थ क्षेत्र के अधीन मठ/मंदिर, जो निबंधित/अनिबंधित है, का कुल संख्या प्रमंडलवार/जिलावार खाता, खेसरा, रकवा (एकड़) में उपलब्ध कराया जाय। साथ ही दरभंगा प्रंडल में 5533 एकड, मुंगेर में सबंधित प्रमंडलीय आयुक्त समीक्षा कर प्रतिवेदन उपलब्ध करायें। | मधुबनी जिला अंतर्गत निबंधित 156 एवं अनिबंधित 07, कुल–163 मठ/मंदिर की संख्या है। (छायाप्रति संलग्न) |
| 3. अपने अधीनस्थ धार्मिक न्यास के अंतर्गत चिन्हित/सर्वेक्षित मठ/मंदिर को भूमि की पैमाईश कराकर पिलरिंग हेतु वांछित राशि से संबंधित आवटन का मॉग प्रतिवेदन। | मठ/मंदिर की भूमि को पैमाईस कराकर पिलरिंग हेतु अंचल अधिकारी को निदेशित किया जा चुका है। अंचल स्तर से पिलरिंग हेतु अधियाचना प्राप्त होने पर अलग से मॉग पत्र दी जायेगी। |
| 4. अपने अधीनस्थ धार्मिक न्यास के अतर्गत मठ/मंदिर की वैसी जमीन जिसपर अवैध कब्जा है, उसकी पूरी सूची एवं उसे मुक्त कराने एवं बिकी पर रोक लगाने की क्या कार्रवाई की गयी इससे संबंधित कार्रवाई प्रतिवेदन। | मठ/मंदिर की जमीन पर अवैध कब्जा से संबंधित सूचना प्राप्त होने पर तुरत संबंधित अंचल अधिकारी को विधि सम्मत कार्रवाई हेतु निदेशित की जाती है। |

प्रतिवेदन भवदीय सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

विश्वासभाजन
जिला पदाधिकारी,
मधुबनी।

ज्ञापांक :– 528 /जि0रा0, मधुबनी/दिनांक 06/3/2022

प्रतिलिपि :–

1. संयुक्त सचिव –सह– अपर विधि परामर्शी, विधि विभाग, बिहार पटना का पत्रांक–1255/जे0, दिनांक–05.03. 2022 के आलोक में सूचनार्थ समर्पित।
2. उप सचिव, बिहार विधान सभा सचिवालय के पत्र संख्या–1033/वि0स0 पटना, दिनांक 04.03.2022 के आलोक में सूचनार्थ समर्पित।

6/3/22

जिला पदाधिकारी,
मधुबनी।

# समाहरणालय,मधुबनी (बिहार)
**Collectorate, Madhubani**

:-06276-222217(Off)
:-06276-222218(Res)/222209(Fax)

E-mail :- dm-madhubani.bih@nic.in
adm.rev.madhubani@gmail.com
Web:-http://madhubani.nic.in


151

(जिला राजस्व शाखा)

पत्र सं0 **XIII-02/2021-22** 509 /जि0रा0

प्रेषक,

अपर समाहर्त्ता
मधुबनी।

सेवा में,

सभी अंचल अधिकारी,
मधुबनी जिला।

मधुबनी, दिनांक 3/3/22

विषय :– **मधुबनी जिला में स्थित धार्मिक स्थल यथा मठ, मंदिर, धर्मशाला की अचल सम्पत्ति (भूमि) का खाता संख्या/खेसरा संख्या/क्षेत्रफल एवं चौहद्दी का पूर्ण ब्योरा उपलब्ध कराने के संबंध में।**

प्रसंग :– इस कार्यालय के पत्रांक–1363/जि0रा0, दिनांक–29.07.2021, पत्रांक–1620/जि0रा0, दिनांक–19.08.2021 एवं पत्रांक–1727/जि0रा0 दिनांक–28.08.2021

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्रों का निदेश करें, जिसके द्वारा द्वारा माननीय मंत्री विधि विभाग के अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक दिनांक–11.02.2022 में लिये गये निर्णय के आलोक में मधुबनी जिला स्थित धार्मिक स्थल यथा मठ, मंदिर, धर्मशाला, ठाकुरबाड़ी, आदि की अचल सम्मपत्ति/भूमि का पूर्ण ब्योरा (खाता संख्या/खेसरा संख्या/क्षेत्रफल एवं चौहद्दी) सहित वर्त्तमान स्थिति से संबंधित प्रतिवेदन विहित प्रपत्र में मांग की गई थी, के आलोक में आपसे याचित प्रतिवेदन प्राप्त कराया गया।

उल्लेखनीय है कि विभाग द्वारा समय–समय पर इस संबंध में बैठक आहूत की गई एवं कतिपय निर्देश दिये गये। तदआलोक में अधोहस्ताक्षरी के पत्रांक–2151/जि0रा0 दिनांक–01.12.2021 द्वारा अनुपालन प्रतिवेदन की मांग की गई थी।

अतएव निदेश दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी के पत्रांक–2151/जि0रा0 दिनांक–01.12.2021 में दिये गये निदेश का अनुपालन प्रतिवेदन **विहित प्रपत्र** में पत्र प्राप्ति के एक सप्ताह के अन्दर जिला राजस्व कार्यालय को भेजना सुनिश्चित करेंगे।

विश्वासभाजन
3/3/22
अपर समाहर्त्ता,
मधुबनी।

3/3/22
प्रभारी प्रधान सहायक प्रभारी पदाधिकारी
जि० राजस्व शाखा
मधुबनी।
03-03-2022
03/3/22.

# बिहार राज्य धार्मिक न्यास पार्षद, पटना मठ मंदिरों की भूमि का विवरण :–

(दरभंगा प्रमंडल, दरभगा)

| क्रमांक | जिला का नाम | कुल अंचल की संख्या | पूर्व में प्रतिवेदित धार्मिक न्यास/ मठ मंदिरों की संख्या | पूर्व प्रतिवेदित रकवा (एकड़ में) | वर्त्तमान में प्रतिवेदित मठ मंदिरों/धार्मिक न्यास की संख्या/क्षेत्रफल (एकड़ में) | | | | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | पंजीकृत | | गैर पंजीकृत | | कुल क्षेत्र (ए |
| | | | | | संख्या | क्षेत्रफल | संख्या | क्षेत्रफल | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | मधुबनी | 21 | 163 | 2385.18.12 | 156 | 2376.05.01 | 7 | 9.15.11 | 2385.18 |

09-02-2022

प्रभारी पदाधिकारी,
जिला राजस्व शाखा,
मधुबनी।

9/2/22
अपर समाहर्त्ता,
मधुबनी

9/2/22
समाहर्त्ता,
मधुबनी

# समाहरणालय,मधुबनी (बिहार)
**Collectorate, Madhubani**

:-06276-222217(Off)
:-06276-222218(Res)/222209(Fax)

E-mail :- dm-madhubani.bih@nic.in
adm.rev.madhubani@gmail.com
Web:-http://madhubani.nic.in


94

(जिला राजस्व शाखा)
पत्रांक– 2151 / जि0रा0,

प्रेषक,
अपर समाहर्त्ता,
मधुबनी।

सेवा में,
सभी अंचल अधिकारी,
मधुबनी जिला।

मधुबनी, दिनांक 01-12-21

विषय :– **दिनांक–03.09.2021 को माननीय मंत्री गन्ना उद्योग एवं विधि विभाग, बिहार सरकार की अध्यक्षता में की गई बैठक में लिये गये निर्णय का अनुपालन कर अनुपालन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक संबंध में दिनांक–03.09.2021 को माननीय मंत्री गन्ना उद्योग एवं विधि विभाग, बिहार सरकार की अध्यक्षता में निम्नांकित बिन्दुओं पर अनुपालन कराने हेतु प्रस्ताव पारित हुआ है, जो निम्न प्रकार है :–

1– दिनांक–03.09.2021 को मधुबनी समाहरणालय के सभाकक्ष/दिनांक–09.08.2021 को दरभंगा समाहरणालय के सभाकक्ष एवं दिनांक–18.08.2021 को समस्तीपुर समाहरणालय के सभाकक्ष में प्रमंडलीय धार्मिक न्यास की परिसम्पत्तियों एवं गन्ना उद्योग के विकास पर हुए बैठक की कार्यवाही के अनुपालन के संबंध में समीक्षा।

2– जिला प्रशासन के द्वारा विहित प्रपत्र में स्थल जाँचकर मंदिर/मठ की परिसम्पत्तियों की सूची तैयार कर 30 दिनों के अन्दर में मधुबनी जिला से अद्यतन प्रतिवेदन प्राप्त करने के संबंध में समीक्षा।

3– निबंधित एवं अनिबंधित धार्मिक न्यास की परिसम्पत्तियों को सूची बनाकर अलग–अलग पंजी का संधारण कर कुल रकवा एकड़ में प्रतिवेदित करने के संबंध में समीक्षा।

4– अनिबंधित धार्मिक न्यास के निबंधन हेतु आवश्यक कार्यवाही, निबंधित एवं अनिबंधित बिहार राज्य धार्मिक न्यास की भूमि का स्थल जाँचोपरान्त सीमांकन कर पीलर डालने के संबंध में।

5– अवैध जमाबन्दी को रद्द करने, नियमानुकूल मंदिर/मठ की भूमि जिसकी जमाबन्दी नहीं हुई है, उसका जमाबन्दी कायम करने के संबंध में समीक्षा।

6– पूर्व सर्वे सी0एस0/आर0एस0 के आधार पर भूमि की वास्तविक स्थिति की जानकारी उपलब्ध करना, अनुमंडल पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी के नेतृत्व में टास्क फोर्स का गठन करना।

7– जिला प्रशासन द्वारा प्राप्त सूची को विहित प्रपत्र में जिले के नोडल पदाधिकारी (अपर समाहर्त्ता) के द्वारा अंचलाधिकारी/अनुमंडल पदाधिकारी के सहयोग से जिले के वेबसाईट पर अपलोड कराने की अद्यतन स्थिति।

8– सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में धार्मिक न्यास पर्षद के परिसम्पत्तियों के अवैध बिक्री एवं अतिक्रमण कार्यों पर कार्रवाई के संबंध में विचार–विमर्श।

9– धार्मिक न्यास परिषद् पटना के द्वारा प्रेषित लंबित पत्र के अनुपालन के संदर्भ में समीक्षा।

अतएव उक्त बिन्दुओं पर अनुपालन कर अनुपालन प्रतिवेदन शीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दें।**

विश्वासभाजन

अपर समाहर्त्ता,